Email : railsamacharbureau@rediffmail.com, www.railsamacharbureauald.com

# रेल समाचार ब्यूरो

R.N.I.No. 51097/90 DN/XXX/20-23 Post AD No. 8

सम्पूर्ण रेल जगत का प्रथम पाक्षिक

भारतीय रेल देश की जीवन रेखा है, इसका आधुनिकीकरण हमारी प्राथमिकता है

हमें रेलवे की तस्वीर और बेहतर बनानी होगी

अपने शुभचिंतको को घर पर ही विदा करे, प्लेटफार्म पर नहीं

वर्ष-३० अंक-०३ प्रयागराज रेल समाचार ब्यूरो ०१ - १५ फरवरी २०२२ पृष्ठ ०८ मूल्य:१० रु.मात्र (रंगीन सहित)

## जिस देश का युवा, राष्ट्र प्रथम सोच के साथ आगे बढ़ने लगता है, उसे दुनिया की कोई ताकत रोक नहीं सकती-प्रधानमंत्री मोदी



पत्र.सू.का/ नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नई दिल्ली के करियप्पा ग्राउंड में राष्ट्रीय कैडेट कोर रैली को संबोधित किया। प्रधानमंत्री ने गार्ड ऑफ ऑनर का निरीक्षण किया, एनसीसी टुकड़ियों द्वारा मार्च पास्ट की सलामी ली और एनसीसी कैडेटों को सेना की कार्रवाई, स्लेदरिंग, माइक्रोलाइट फ्लाइंग, पैरासेलिंग के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों में अपने कौशल का प्रदर्शन करते हुए देखा। सर्वश्रेष्ठ कैडेटों को प्रधानमंत्री की ओर से मेडल और बैटन भी प्रदान किए गए। सभा को संबोधित करते हुए, प्रधानमंत्री ने कहा कि इस समय देश अपनी आज़ादी का अमृत महोत्सव मना रहा है और जब एक युवा देश, इस तरह के किसी ऐतिहासिक अवसर का साक्षी बनता है, तो उसके उत्सव में एक अलग ही उत्साह दिखता है। प्रधानमंत्री ने खुद एनसीसी से जुड़े होने पर गर्व महसूस करते हुए कहा, "मुझे गर्व है कि मैं भी कभी आपकी तरह ही एनसीसी का सक्रिय कैडेट रहा हूं। मुझे एनसीसी में जो ट्रेनिंग मिली, जो जानने सीखने को मिला, आज देश के प्रति अपनी जिम्मेदारियों के निर्वहन में मुझे उससे असीम ताकत मिलती है।उन्होंने कहा कि पिछले दो साल में देश के सीमावर्ती इलाकों में एक लाख नए कैडेट बनाए गए हैं।

## रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने दिया अभ्यर्थियों को रेलवे परीक्षा पर उनकी चिंताओं को दूर करने का आश्वासन



पत्र.सू.का/ नई दिल्ली।रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने डीडी न्यूज के साथ बातचीत में कहा, "हम उम्मीदवारों / अभ्यर्थियों के मुद्दों और शिकायतों पर अत्यंत संवेदनशीलता के साथ ध्यान देंगे। "आरआरबी केंद्रीकृत रोजगार सूचना (सीईएन) संख्या ०१/२०१९ (गैर-तकनीकी लोकप्रिय श्रेणियों के लिए स्नातक और स्नातक के कम) के तहत चल रही भर्ती परीक्षा जिसके परिणाम १४.०१.२०२२ को घोषित किए गए हैं,के दूसरे चरण के लिए उम्मीदवारों की संक्षिप्त सूची बनाने की प्रक्रिया (शार्टलिस्टिंग) पर कुछ उम्मीदवारों द्वारा चिंता व्यक्त की गई है। इस मुद्दे पर डीडी न्यूज से बात करते हुए अश्विनी वैष्णव ने कहा कि मामले का संवेदनशीलता के साथ समाधान निकाला जाएगा। इन चिंताओं की जांच करने के लिए वरिष्ठ अधिकारियों की एक उच्च-अधिकार प्राप्त समिति ने उम्मीदवारों / अभ्यर्थियों से अभ्यावेदन लेना शुरू कर दिया है। रेलवे भर्ती बोर्ड (आरआरबी) के वरिष्ठ अधिकारी छात्रों के समूहों से मिल रहे हैं और उनका अभ्यावेदन प्राप्त कर रहे हैं। मंत्री ने उम्मीदवारों / छात्रों को आश्वासन दिया कि उनकी सभी समस्याओं का समाधान अत्यंत संवेदनशीलता के साथ किया जाएगा और उन्हें किसी की बातों से भ्रमित/प्रभावित होने की आवश्यकता नहीं है।

परीक्षा के दूसरे चरण के लिए चुने जाने वाले उम्मीदवारों की संख्या के मुद्दे को स्पष्ट करते हुए मंत्री ने कहा कि रेलवे की एक पुरानी कार्यप्रणाली के रूप में एनटीपीसी द्वितीय चरण परीक्षा के लिए बुलाए जाने वाले उम्मीदवारों की संख्या, स्वीकृत रिक्तियों की संख्या से केवल १० गुनी ज्यादा रखी गयी थी। सीईएन ०३/२०१५ के लिए उम्मीदवारों को बुलाए जाने की यह संख्या रिक्तियों की संख्या की १० गुनी से बढ़ाकर १५ गुनी की गयी औए सीईएन १/२०१६ के लिए यह संख्या रिक्तियों की संख्या की २० गुनी कर दी गयी, ताकि अधिक से अधिक छात्रों को परीक्षा में शामिल होने का अवसर मिले। वैष्णव ने विस्तार से बताया कि यदि आप प्रत्येक श्रेणी को देखें, तो प्रत्येक श्रेणी के लिए२० गुना छात्रों/उम्मीदवारों का चयन किया गया है। मुद्दा यह है कि एक से ज्यादा श्रेणियों के लिए एक से ज्यादा उम्मीदवारों ने आवेदन किया है।उन्होंने संबंधित छात्रों/उम्मीदवारों से अनुरोध किया कि वे तीन सप्ताह के भीतर यानी १६.०२.२०२२ तक समिति को अपनी शिकायतें/चिंताएं प्रस्तुत करें और हम उसके तुरंत बाद समाधान लेकर आएंगे।

## पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष के के शर्मा के समर्थन मे मांगा वोट



रे.स.ब्यूरो। समाजवादी राष्ट्रीय लोकदल राष्ट्रवादी कांग्रेस NCP गठबंधन के प्रत्याशी पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष के के शर्मा जी के लिए दिनांक २६ जनवरी को गुर्जर समाज के किशनपुर शिवाली अलीनागर आदि गाँवों मे जाकर गठबंधन प्रत्याशी के लिए वोट करने के लिए आग्रह किया और कहा कि समाजवादी पार्टी ने हमारे समाज को बहूत सम्मान दिया है और अब की बार समाजवादी पार्टी की सरकार बनना तय है।

## वो जिन्ना के उपासक, हम सरदार पटेल के: सीएम योगी



रे.स.ब्यूरो./ नई दिल्ली। पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव पर हमला बोलते हुए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उन्हें जिन्ना का उपासक बताया है। सीएम योगी ने अखिलेश का नाम लिए बिना ट्वीट किया, वे 'जिन्ना' के उपासक है, हम 'सरदार पटेल' के पुजारी हैं। उन्होने कहा कि उनको पाकिस्तान प्यारा है, लेकिन हम माँ भारती पर जान न्योछावर करते हैं। २८ जनवरी को महान स्वतंत्रता सेना लाला लाजपत राय की जयंती पर सीएम योगी आदित्यनाथ ने उन्हें याद किया। उन्होंने ट्वीट किया कि, ''भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के नायक, राष्ट्रवादी लेखक एवं चिंतक, महान शिक्षाविद, स्वराज के प्रबल समर्थक 'पंजाब केसरी' लाला लाजपत राय को उनकी जयंती पर कोटिशः नमन व विनम्र श्रद्धांजलि। माँ भारती की स्वाधीनता हेतु आपका अविस्मरणीय संघर्ष व बलिदान हम सभी के लिए महान प्रेरणा है।

# उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय में ७३ वें गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन



रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय, प्रयागराज में २६ जनवरी २०२२ को, राष्ट्र का ७३वां गणतंत्र दिवस भव्यता, उल्लास, जोश और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ महाप्रबंधक प्रमोद कुमार द्वारा झंडा फहराने के साथ हुई। इस अवसर पर, महाप्रबंधक ने रेलवे सुरक्षा बल, भारत स्काउट और गाइड और सेंट जॉन एम्बुलेंस ब्रिगेड की परेड का निरीक्षण किया। महाप्रबंधक ने उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए १८ रेलवे कर्मियों को सम्मानित भी किया। ७३वें गणतंत्र दिवस पर सम्मानित होने वाले रेलवे के अधिकारी एवं कर्मचारियों में कुमार कौशलेश शर्मा, मुख्य लोको निरीक्षक, प्रमोद कुमार, कांस्टेबल आगरा, आलोक कुमार त्रिपाठी, एसएसई/सिग्नल, एसएसई सिसोदिया मुख्य लोको निरीक्षक, घनश्याम मीणा यातायात निरीक्षक, विष्णु कुमार मीणा, एसएसई/ सी एंड डब्ल्यू, नंद किशोर उप टिकट निरीक्षक, अकील अहमद हेल्पर, रोहित कुमार झा लोको पायलट, वीरेंद्र कुमार सहायक मंडल अभियंता, वीरेंद्र कुमार मिश्रा एसएसई/सिग्नल, प्रवीण कुमार संचालन निरीक्षक, कंचन ग्रोवर वरिष्ठ नर्सिंग अधीक्षक, धर्मेंद्र कुमार एसएसई/ वर्क्स, रामपाल एसएसई, अजय कुमार श्रीवास्तव एसएसई, संजय कुमार एसएसई, महेंद्र कुमार जेई/ सिग्नल शामिल थे। समारोह के दौरान, महाप्रबंधक ने हमारे महान राष्ट्र के ७३वें गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर उत्तर मध्य रेलवे के सभी कर्मचारियों और उनके परिवारों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। ७३ वें गणतंत्र दिवस पर महाप्रबंधक का संदेश यू-ट्यूब पर ऑनलाइन भी उपलब्ध कराया गया। पुरस्कार समारोह के बाद रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ। इसमें देश भक्ति मेडले समूह गीत, बीना सिंह पूर्णिमा और मंजू जोशी के निर्देशन में क्रमशः तीन सामूहिक नृत्य, चंचल गुप्ता द्वारा भरतनाट्यम आदि शामिल थे। इन रंगारंग कार्यक्रमों ने उपस्थित जनसमूह को देश भक्ति की भावना से भरते हुए सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

# गौरव कृष्ण बंसल बने रेलवे बोर्ड में एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर इनफॉरमेशन



रे.स.ब्यूरो./प्रयागराज। गौरव कृष्ण बंसल को रेलवे बोर्ड में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। गौरव कृष्ण बंसल भारतीय रेलवे यातायात सेवा (आईआरटीएस) बैच २००० के अधिकारी हैं,रेलवे बोर्ड में उन्हें एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर इनफॉरमेशन एंड पब्लिसिटी का पद भार सौंपा गया है। बता दें कि इस पद पर अभी आरडी बाजपेयी की तैनाती थी। गौरव बंसल प्रयागराज में रेलवे के महत्वपूर्ण पदों पर काम चुके हैं। यहां उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय में सीपीआरओ, प्रयागराज मंडल में सीनियर डीओएम सामान्य के पद पर काम कर चुके हैं। उत्तर रेलवे मुरादाबाद मंडल से सहायक परिचालन प्रबंधक के पद से रेल सेवा शुरू करने वाले गौरव बंसल ने लखनऊ मंडल के बाद आगरा मंडल में सीनियर डीएसओ के पद पर कार्य किया। प्रयागराज में वह उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र में वर्ष २०१३ से २०१७ तक डायरेक्टर के पद पर तैनात रहे। एनसीआर में दो वर्ष सीपीआरओ का दायित्व निभाने के बाद उनकी तैनाती भारतीय रेल राष्टरीय अकादमी वदोदरा गुजरात में वरिष्ठ प्रोफेसर के रूप में हुई। इसके साथ ही प्रयागराज में लगे कुंभ के दौरान उनके द्वारा की गई रेल सेवा की रेलवे बोर्ड स्तर पर सराहना हुई।






# क्षेत्रीय रेलवे उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति की १६वीं हुई सम्पन्न




रे.स.ब्यू./सूत्र। बिलासपुर, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे क्षेत्रीय रेलवे उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति की १६वीं बैठक दिनांक १७ जनवरी, २०२२ को महाप्रबंधक दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, आलोक कुमार की अध्यक्षता में वर्चुअल माध्यम से संपन्न हुई। इस बैठक में क्षेत्रीय रेलवे उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति के २१ सदस्य ऑनलाइन जुड़े रहे। शुरुआत में उप महाप्रबंधक (सा.) एवं दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे क्षेत्रीय रेलवे उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति (ZRUCC) के सचिव तन्मय माहेश्वरी ने बैठक की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की समस्त उपलब्धियों में प्रत्यक्ष एवं परोक्ष रूप से आप सभी सदस्यों के सुझाव एवं सहयोग समाहित है।

बैठक में आलोक कुमार, महाप्रबंधक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे एवं अध्यक्ष दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे क्षेत्रीय रेलवे उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति ने अपने उद्बोधन में सदस्यों का इस बैठक में स्वागत करते हुए यात्री सुविधाओं के विकास हेतु दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा किये गये महत्वपूर्ण कार्यो एवं जोन की उपलब्धियों से सदस्यों को अवगत कराया।

महाप्रबंधक ने सभी सदस्यों के साथ विचार विमर्श करते हुए कहा कि दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में सुरक्षित रेल परिचालन के लिए सभी रेलकर्मी निरंतर अथक प्रयास कर रहे है एवं इसमें उन्होने सदस्यों के सकारात्मक सहयोग कि भी कामना की। यात्री सुविधाओं एवं सेवाओं में लगातार सुधार हम सब का उद्देश्य है एवं हम सभी निष्ठापूर्वक इस उद्देश्य के लिए कार्य कर रहे है। महाप्रबंधक के संबोधन के पश्चात् क्षेत्रीय रेलवे उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति के सदस्यों के समक्ष उप महाप्रबंधक (सा.) एवं दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे क्षेत्रीय रेलवे उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति के सचिव तन्मय माहेश्वरी ने पावरपाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के द्वारा उपलब्ध कराई गयी यात्री सुविधा एवं उपलब्धियों की जानकारी दी। इस बैठक में यात्री सुविधाओं से संबंधित तथा यात्री सुविधा विकास एवं परियोजनाओं से संबंधित अनेक महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया। सदस्यों द्वारा महत्वपूर्ण सुझावों में प्रमुख रुप से ट्रेनों के टहराव, विस्तारीकरण तथा महत्वपूर्ण समपार फाटकों पर रोड ओवर ब्रिज/ रोड अंडर ब्रिज की सुविधा आदि शामिल थे। बैठक में चर्चा के दौरान महाप्रबंधक आलोक कुमार ने समिति के सदस्यों को आश्वस्त कराते हुए कहा कि आपके सुझाव हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण है एवं अपने अधिकार क्षेत्रों के सुझावों को हम पूरा करने के हर संभव प्रयास करेंगे।

इस वर्चुअल बैठक का संचालन उप महाप्रबंधक (सा.) ने किया एवं सदस्यों में अरुण साव, सांसद, बिलासपुर, डा. विकास महात्मे, सांसद (राज्यसभा) नागपुर, संतोष पाण्डेय, सांसद, राजनांदगांव, शैलेश पाण्डेय, विधायक, बिलासपुर, कल्पतरु सामंतराय, डिप्टी सेक्रेटरी, ओडिशा सरकार, अनुराग पाण्डेय, ज्वाइंट सेक्रेटरी, छ.ग. शासन, जगदीश थपलियाल, जिला अध्यक्ष, अखिल भारतीय व्यापार, महाराष्ट्र, नागपुर, गोपाल अग्रवाल, सचिव, चैंबर ऑफ कामर्स, रायगढ़ (छ.ग.), राकेश प्रताप सिंह, जिला व्यापारी संघ, उमरिया, (म.प्र.), प्रताप मोटवानी, नाग-विदर्भ चेंबर ऑफ कामर्स, नागपुर, अशोक अग्रवाल, संभागीय चेंबर ऑफ कामर्स एण्ड इंडस्ट्रीज, बिलासपुर (छ.ग.), सलीम खान, रेल यात्री संघ संभाग, शहडोल, नारायण भूशणिया, प्रदेश अध्यक्ष, छ.ग. रेल उपभोक्ता परिषद, रायपुर, चीनु अजमेरा, गोंदिया रेलवे उपभोक्ता विकास सीमिति, शशि कुमार श्रीवास्तव, अखिल भारतीय उपभोक्ता संरक्षण संगठन, कटनी (म.प्र.), बाल किशन खंडेलवाल, नैनपुर, डी.डी. अग्रवाल, बिलासपुर, विजय धावले, सौसर (म.प्र.), सत्यजीत भौमिक, बिलासपुर,विष्णु प्रसाद अग्रवाल, बिलासपुर एवं दीपक शर्मा, तिल्दा-नेवरा, कुलवंत सिंह सलूजा, चांपा, बिलासपुर शामिल थे।

बैठक में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के समस्त विभागों के विभाग प्रमुख ऑनलाइन माध्यम से जुड़े रहे।

# झांसी मण्डल का समय पालन एवं संरक्षा में सराहनीय प्रदर्शन

रे.स.ब्यू./सूत्र। झाँसी मंडल द्वारा यात्री सुविधाओं की बढ़ोतरी के साथ-साथ माल लदान, पार्सल आवागमन एवं समय पालनता में वृद्धि हेतु निरंतर प्रयासरत है। मंडल रेल प्रबंधक आशुतोष के मार्ग–दर्शन में दिसम्बर २०२१ में झांसी मण्डल ने मालगाड़ियों के थ्रू-पुट में नया रिकॉर्ड स्थापित किया। झाँसी मंडल प्रमुख रूप से पासिंग थ्रू रेलवे होने के कारण, ट्रेनों की गतिशीलता देश के समग्र रेल परिवहन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। झाँसी मंडल ने माल यातायात के क्षेत्र में नये आयाम स्थापित करते हुये माल गाड़ी के संचालन में विशेष की तमान स्थापित किये गये है। दिनांक ०७.१२.२०२१ को मंडल द्वारा कुल २११ मालगाड़ियों का आदान-प्रदान किया। जिसमें विभिन्न इण्टर चेन्ज प्वाइंट से कुल १०६ मालगाड़ियों प्राप्त की गयी तथा मंडल से कुल १०२ मालगाड़ियों को विभिन्न मंडलों को भेजा गया। धौलपुर इण्टर चेन्ज प्वाइंट पर कुल ८४ मालगाड़ियों का आदान-प्रदान किया गया जिसमें ४२ मालगाड़ियों को धौलपुर इण्टर चेन्ज प्वाइंट प्राप्त की गयी तथा ४२ मालगाड़ियों को आगरा तथा दिल्ली की तरफ भेजा गया। झाँसी मंडल रेलों के यातायात के संबंध में एक मध्यवर्ती मंडल होने के कारण रेलों की गतिशीलता के लिये भी विख्यात है। इस श्रंखला में माह दिसंबर में पार्सल स्पेशल ट्रेनों का संचालन कर मंडल द्वारा जीवन रक्षक दवाओं और आवश्यक वस्तुओं के परिवहन के लिए, विशेष पार्सल ट्रेनें अधिकतम अनुमेय गति से चलाई गईं। इन पार्सल ट्रेनों के सुचारू और अवरोध मुक्त संचालन के लिए मंडल परिचालन विभाग द्वारा निरंतर निगरानी सुनिश्चित की गई थी। इस प्रकार लगभग ४.७ पार्सल स्पेशल गाडी का संचालन प्रति दिन किया गया।



# जिलाधिकारी ने मतदान केन्द्रों का किया निरीक्षण

प्रयागराज। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी संजय कुमार खत्री ने करछना, मेजा सहित कई पोलिंग बूथों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पोलिंग बूथों पर मूलभूत सुविधाएं यथा पानी, बिजली, शौचालय एवं दिव्यांगजनों के लिए रैम्प आदि व्यवस्थाओं का जायजा लिया। तत्पश्चात राजकीय बालिका इण्टर कालेज करछना, मॉडल प्राथमिक विद्यालय टिकुरी उरूवा, बद्रीनाथ तिवारी इण्टर कालेज मेजा रोड, पीएस तेदुआ कला मेजा प्रयागराज सहित कई पोलिंग बूथों का निरीक्षण किया। उन्होंने आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। उन्होंने सख्त लहजे में निर्देश दिया कि निर्वाचन के कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता कत्तई क्षम्य नही होगा। हर्षदेव पाण्डेय सहित सम्बंधित उप जिलाधिकारीगण उपस्थित रहे।

# सत्तेशगढ़ स्टेशन पर नई इलेक्ट्रानिक इंटरलाकिंग की स्थापना

रे.स.ब्यू./सूत्र। सत्तेशगढ़ स्टेशन पर(चोपन-चुनार रेलखंड पर स्थित) हाटस्टैंडबाई के साथ केन्द्रीकृत नई इलेक्ट्रानिक इंटरलाकिंग की स्थापना का कार्य पूरा कर लिया गया है। ट्रैक मशीन साइडिंग को इलेक्ट्रानिक इंटरलकिंग से उपयुक्त किया गया। साथ ही साथ सत्तेहशगढ़ स्टेशन पर बटन वाले पैनल को हटाकर विजुअल डिस्प्ले यूनिट पैनल लगाया गया है। इससे गाड़ियां विलंबित नहीं होगी। सत्तेकशगढ़-लूसा खंड को सिंगल लाइन ब्लॉक पैनल के साथ कमीशन किया गया है, जिससे परिचालन में सुविधा होगी। इलेक्ट्रानिक इंटरलाकिंग रूम, आईपीएस और बैटरी रूम में स्वचालित फायर अलार्म सिस्टम प्रदान किया गया। कुल ११ प्वाइंट मशीन १४ मुख्य सिग्नल ४ शंट सिग्नल तथा डबल डिस्टेंट सिग्नल को केन्द्रीकृत इलेक्ट्रानिक इंटरलकिंग से जोडा गया है। इसके लिये २५ वॉट वीएचएफ सेट और कंट्रोल फोन को नये स्थान पर स्थानांतरित किया गया। इस कार्य को पूरा करने वाली टीम में मुख्य सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर/प्रोजेक्ट-।। डी. पी. गर्ग, उप मु. सि. एवं दूर. इंजी. /प्रो-।।।/प्रयागराज राहुल सिंह, वरि. मण्डल सिग. एवं दूर. इंजी. /सिग./प्रयागराज मण्डल दिलीप राजपूत, वरि.मण्डल इंजी. /प्रयागराज मण्डल राजेश आदि का योगदान रहा। महाप्रबंधक ने रेल अधिकारी इसके लिये बधाई दी।

**सभी जेड.आर.यू.सी.सी./डी.आर. यू.सी.सी.सदस्य**

उक्त पत्रिका आपको नियमित रूप से भेजी जा रही है। कृपया अपने परिक्षेत्र में हुए रेल सुधारों /सुझावों के बारे में अपना लेख प्रकाशन हेतु हमें भेजने की कृपा करें।

प्रधान सम्पादक- ज्ञानेंद्र कुमार श्रीवास्तव
मो. 9793956044, 9935224867

# ट्रेनों में चैन पुलिंग करने वालों पर रेलवे हुआ सख्त




रे.स.ब्यू./सूत्र. झाँसी। यात्रियों की सुरक्षा तथा उनको समय से उनके गंतव्य तक पहुचने हेतु झाँसी मंडल दृढ़ संकल्पित है। इसी क्रम में मंडल रेल प्रबंधक आशुतोष के दिशानिर्देशन तथा मंडल सुरक्षा आयुक्त अलोक कुमार के नेतृत्व में रेल सुरक्षा बल द्वारा सघन कार्यवाही करते हुए वर्ष २०२१ में रेलवे एक्ट की विभिन्न धाराओं के तेहत कुल ४८३६ मामले पंजीकृत किये हैं।

बिना पर्याप्त कारण के अलार्म चैन खीं चने वाले ११७८ में से ११७६ व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया, जिनसे जुर्माना स्वरुप रु.८१६६१०/- वसूल किये गए तथा अवैध वेंडिग से जुड़े १४७७ प्रकरणों में १४१६४ व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया तथा जुर्माना स्वरूप रु. १६६१३४१/- वसूले गए।

इस प्रकार विभिन्न धाराओं के अंतर्गत दर्ज कुल ४८३६ मामलों से रु. ३६७०७३३ रुपए वसूल किये गए।

इसके अतिरिक्त रेल सुरक्षा बल झाँसी मंडल द्वारा वर्ष २०२१ के दौरान २४२ घर से भागे, खोये, बिछड़े जिनमें १२५ लड़के व ११७ लड़कियों को संरक्षण देते हुए उनके परिजनों तथा गैर सरकारी संगठनों के सुपुर्द किया। इस प्रकार के अभियान वर्तमान वित्तीय वर्ष में भी जारी रहेंगे। यात्रियों से अनुरोध है की वह बिना किसी पर्याप्त कारण के अलार्म चैन न खींचे जिससे यात्रियों को बेहद असुविधा होती है।

स्टेशन परिसर को स्वच्छ बनाये रखने में रेल प्रशासन की मदद करें, अवैध वेंडरो से खाद्य सामग्री न खरीदें तथा नियमित रूप से यात्रा टिकट लेकर ही यात्रा करें।

# स्टाफ नर्स के पदों पर भर्ती के लिए पुन विज्ञापन जारी

रे.स.ब्यूरो./प्रयागराज। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) ने चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण विभाग और चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं विभाग में स्टाफ नर्स (पुरुष) के ५५८ पदों पर भर्ती के लिए शुक्रवार दिनांक २१.०१.२०२२ को पुन विज्ञापन जारी कर दिया। जिसके बाद ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। बता दें कि ऑनलाइन आवेदन शुल्क बैंक में जमा करने की अंतिम तिथि १७ फरवरी और ऑनलाइन आवेदन स्वीकार किए जाने की अंतिम तिथि २१ फरवरी निर्धारित की गई है। पूर्व में आवेदन कर चुके अभ्यर्थियों के फॉर्म भरने एवं शुल्क जमा करने से छूट प्रदान की गई है। वर्ही२० मार्च २०१७ तक अर्हता पूरी करने वाले उन अभ्यर्थियों को आवेदन का मौका दिया गया है, जो पूर्व में आवेदन से वंचित रह गए थे। पूर्व में चयन प्रक्रिया को लेकर इलाहाबाद हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की गई थी।

# अंकुर चंद्रा बने उत्तर मध्य रेलवे के उप महाप्रबंधक/सामान्य



रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। उप महाप्रबंधक/सामा. उत्तर मध्य रेलवे का पदभार अंकुर चंद्रा, ने ग्रहण कर लिया। इससे पहले अंकुर चंद्रा उप मुख्य सतर्कता अधिकारी के रूप में कार्यरत थे। चंद्रा ने मन्नू प्रकाश दुबे से कार्यभार ग्रहण किया, जिनका स्थानांतरण डायरेक्टर ट्रैफिक (ट्रांसफॉर्मेशन) के रूप में रेलवे बोर्ड में हुआ है। चंद्रा २००४ बैच के भारतीय रेलवे स्टोर सेवा के अधिकारी हैं। उन्होंने पूर्व में उत्तर मध्य रेलवे में उप मुख्य सामग्री प्रबंधक के रूप में और वर्कशॉप प्रोजेक्ट आर्गेनाइजेशन/पटना और पतरातू डीजल शेड/पूर्व मध्य रेलवे में विभिन्न पदों पर कार्य किया। वह २०१३ में वरिष्ठ सामग्री प्रबंधक के रूप में उत्तर मध्य रेलवे में शामिल हुए। वह आईआईटी कानपुर के पूर्व छात्र हैं, जहां से उन्होंने वर्ष २००१ में सिविल इंजीनियरिंग में बीटेक पूरा किया। उन्हें इससे पहले पटना में अपने कार्यकाल के दौरान महाप्रबंधक पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है। चंद्रा ने जापान में हाई स्पीड रेलवे में प्रशिक्षण प्राप्त किया था। सभी कोविड प्रोटोकॉल के बीच गुरुवार दिनांक २०.०१.२०२२ को आयोजित मन्नू प्रकाश दुबे के विदाई समारोह में चंद्रा का महाप्रबंधक, उत्तर मध्य रेलवे द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किया गया।

# दलदल और पानी से मुसीबतों में घिरे कल्पवासी

रे.स.ब्यूरो। कड़ाके की ठंड में गंगा में लगातार जलस्तर बढ़ने और कटान तेज होने की वजह से माघ मेले में आए कल्पवासियों की मुसीबतें बढ़ती जा रही हैं। शुक्रवार दिनांक २१.०१.२०२२ को भी शिविरों से पानी निकालने और फंसे संतों को सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट कराने का सिलसिला चलता रहा। पानी से घिरने के बावजूद दर्जनों कल्पवासी प्रशासन की अपील पर दूसरी जगहों पर जाने के लिए तैयार नहीं हुए।

**सम्पादकीय**

# पश्चिम बंगाल रेल हादसा

पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी जिले के दोमोहानी इलाके में गुवाहाटी-बीकानेर एक्सप्रेस के १२ डिब्बे पटरी से उतर गए थे। रेल दुर्घटना जितनी चिंताजनक, उतनी ही दुखद भी है। लगभग ३४ महीने बाद रेल दुर्घटना हुई है, जिसमें इस हादसे में नौ लोगों की मौत हो गई और अनेक लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। यह दुर्घटना बड़ी हो सकती थी, ट्रेन में १,२०० से ज्यादा यात्री सवार थे। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव भी घटनास्थल पर पहुंच गए थे। सीमा सुरक्षा बल, स्थानीय पुलिस, रेलवे और एनडीआरएफ की टीम राहत और बचाव कार्य में थीं जिससे लोगों तक जल्दी राहत पहुंचाने में सफलता मिली है। दुर्घटना की जगह ज्यादा मुश्किल या दूरदराज में नहीं थी, इसलिए भी वहां तक राहत पहुंचाने का काम आसान रहा है। लॉकडाउन के लंबे समय में ट्रेनों का परिचालन लगभग बंद था और अभी भी ट्रेनें पूरी तरह से नहीं चल रही हैं। ऐसे में, इस हादसे ने अनेक सवाल पैदा किए हैं, जिन पर रेलवे को गंभीरता से ध्यान देना चाहिए। आम तौर पर ट्रेन हादसों के कारणों पर सार्वजनिक रूप से ज्यादा चर्चा नहीं होती। जांच बैठती है, और लोग हादसे को भूल जाते हैं। लेकिन यह काम रेलवे और सरकार का है कि ऐसे हादसों की ईमानदार जांच हो और सुधार के पर्याप्त कदम उठाए जाएं। उन लोगों से पूछिए रेलवे से जुड़े अनुभव, जो जान-माल का नुकसान झेल चुके हैं। रेलवे ने पहले की तरह किराये में रियायत देना कम कर दिया है, लेकिन उसे सेवा में कोताही नहीं करनी चाहिए। बच्चों को दी जाने वाली रियायत को खत्म हुए पांच साल से ज्यादा बीत गए, रेल यात्रियों की परेशानी भी लगातार बढ़ रही है, ऐसे में, रेलवे को प्राथमिकता के साथ न केवल दुर्घटनाओं से बचना होगा, बल्कि अपनी सेवा का स्तर भी सुधारना होगा।

# कोरोना के मिले १६७४० नए मरीज

रे.स.ब्यू./सूत्र.लखनऊ। उत्तर प्रदेश में शनिवार दिनांकः २२.०१.२०२२ तक कोरोना के १६७४० नए मरीज मिले हैं और १५७५७ को डिस्चार्ज भी किया गया है। वहीं अलग-अलग जिलों में १६ मरीजों की मौत भी हुई है। जिन जिलों में मरीजों की मौत हुई है उनमें लखनऊ, जौनपुर और रामपुर के दो-दो और गाजियाबाद, मेरठ, वाराणसी, कानपुर नगर, शामली, शाहजहांपुर, ललितपुर, अंबेडकर नगर, औरैया, मऊ का एक-एक मरीज शामिल है। अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद ने बताया कि प्रीकॉशन डोज को लेकर नई गाइडलाइन जारी की गई है।

# दिल्ली सरकार के सख्त कदमों से कोरोना नियंत्रित- सत्येंद्र जैन



रे.स.ब्यूरो /नई दिल्ली। नई लहर से निपटने के लिए दिल्ली सरकार का मानना है कि दिल्ली सरकार द्वारा उठाए गए सख्त कदमों की वजह से दिल्ली में कोरोना की स्थिति नियंत्रण में है। कोरोना के नए मामलों में तेजी से कमी आ रही है। वहीं, अस्पतालों में भर्ती होने वाले रोगियों की संख्या भी स्थिर है। स्वास्थ्य मंत्री ने शुक्रवार दिनांक २१.०१.२०२२ को मीडिया को बताया कि पिछले कुछ दिन से रोजाना नए मामले आने के बाद भी अस्पताल में भर्ती होने वाले मरीजों की संख्या स्थिर है। स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन का कहना है कि कोविड से एक दिन में ४३ मौतों का जो आंकड़ा सामने आया है, वह पिछले कुछ दिनों की सभी मौतों को मिलाकर डेथ कमेटी ने जारी किया है। इन मौतों में से तीन लोगों की मौत सिर्फ कोरोना से हुई है, जबकि ४० मामलों में मरीज कोरोना के अलावा दूसरी किसी बीमारी से पीड़ित थे और उनकी मौत की मुख्य वजह वो अन्य बीमारियां ही रही। देश में सबसे पहले दिल्ली सरकार ने ही नए वैरिएंट के खतरे को देखते हुए सबसे कड़े कदम उठाए हैं, जिस वजह से अब दिल्ली में कोरोना की स्थिति नियंत्रण में है।

# जून तक तैयार होगी उत्तर रेलवे की सबसे बड़ी लूप लाइन

रे.स.ब्यू./सूत्र.वाराणसी। जून २०२२ तक शिवपुर रेलवे स्टेशन पर सबसे बड़ी लूप लाइन का काम पूरा कर लिया जाएगा। जिसके बाद यहां दो मालगाड़ियां आसानी से खड़ी हो सकेंगी। इंजनों को आसानी से आगे पीछे भी किया जा सकेगा। सूत्रों के अनुसार वर्तमान में ५५ प्रतिशत काम पूरा हो गया है। आने वाले समय में कैंट स्टेशन से लखनऊ व दिल्ली जाने वाली कुछ ट्रेनों को शिवपुर स्टेशन से संचालित किया जा सकेगा। मालगाड़ी की लंबा ६८६ मीटर होती है। जो एक साधारण लूप लाइन के बराबर होती है बता दें कि शिवपुर स्टेशन पर निर्मित हो रहे लूप लाइन की लंबाई ७८५ मीटर है।

# आमान परिवर्तन परियोजना पर कार्य तीव्रगति से जारी

साभारः हाजीपुर पूर्व मध्य रेल द्वारा नई लाईन, दोहरीकरण, आमान परिवर्तन सहित कई निर्माण परियोजनाओं पर कार्य तीव्रगति से जारी है। इसी कड़ी में लगभग २०६ किलोमीटर लंबे सकरी-निर्मली तथा झंझारपुर-लौकहा बाजार (६४ किमी.) एवं सहरसा-फारबिसगंज (१११ किमी) आमान परिवर्तन का कार्य किया जा रहा है। इस परियोजना पर लगभग १४७१ करोड़ रूपए व्यय आने का अनुमान है। लगभग ६४ किलोमीटर लंबे सकरी-निर्मली तथा झंझारपुर-लौकहा बाजार आमान परिवर्तन परियोजना में से सकरी-मंडन मिश्र हॉल्ट (११ किमी), मंडन मिश्र हॉल्ट-झंझारपुर (०६ किमी), झंझारपुर-तमुरिया (०६ किमी) का कार्य पूरा हो चुका है तथा शेष पर कार्य तीव्रगति से जारी है। इसी तरह १११ किलोमीटर लंबे सहरसा-फॉरबिसगंज आमान परिवर्तन परियोजना के अंतर्गत अब तक सहरसा-गढ़बरूआरी (१६ किमी), गढ़बरूआरी-सुपौल (११ किमी), सुपौल-सरायगढ़ (२५ किमी), सरायगढ़-राघोपुर (११ किमी) एवं राघोपुर-ललितग्राम (२० किमी) रेलखंड सहित अब तक कुल ८३ किमी आमान परिवर्तन का कार्य पूरा कर लिया गया है तथा इस परियोजना का शेष कार्य जल्द ही पूरा कर लिया जायेगा। सकरी-निर्मली-झंझारपुर-लौकहा बाजार एवं सहरसा-फॉरबिसगंज आमान परिवर्तन परियोजना के अंतर्गत तमुरिया-घोघरडीहा (११ किमी), घोघरडीहा -निर्मली (११किमी), ललितग्राम-नरपतगंज-फॉरबिसगंज (२६ किमी) का कार्य वर्ष २०२२ में पूरा कर लिए जाने की संभावना है। फारबिसगंज तक रेल कनेक्टिविटी होने के बाद जोगबनी, कटिहार और गुवाहाटी से कोसी-मिथिला का सीधा रेलसंपर्क उपलब्ध हो जाएगा। फारबिसगंज होकर जोगबनी, कटिहार और गुवाहाटी से कोसी-मिथिलांचल से जुड़ जाएगा। झंझारपुर, निर्मली रूट की ट्रेन कोसी रेल महासेतु, सरायगढ़ और राघोपुर होकर फारबिसगंज पहुंच जाएगी। दरभंगा एवं सहरसा क्षेत्र के लोगों को गुवाहाटी के लिए वैकल्पिक रेलमार्ग उपलब्ध हो जाएगा।

# रेलवे सुरक्षा बल की तत्परता से यात्रियों को मिला सामान

रे.स.ब्यूरो./प्रयागराज। रेलवे सुरक्षा बल प्रयागराज मण्डल द्वारा रेल परिसम्पत्ति की सुरक्षा के साथ साथ यात्रियों की सुरक्षा का दायित्व भी कुशलता के साथ निर्वहित किया जा रहा है। इसी क्रम में दिनांक१८.०१.२२ को रेलवे हेल्पलाइन प्रयागराज ने कानपुर रेलवे सुरक्षा बल को सूचना दी कि एक यात्री का का बैग प्लेटफार्म नंबर ७ पर छूट गया है। सूचना मिलते ही कानपुर सेंट्रल पर ड्यूटी में तैनात हेड कांस्टेबल चंद्र प्रकाश शर्मा द्वारा अटेंड कर काले रंग के बैग को रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट पर लाया गया। दिनांक २०.०१.२२ को शिकायतकर्ता यात्री आशीष कुमार कुशवाहा पोस्ट पर उपस्थित हुए तथा अपना आधार कार्ड दिखाया। तहकीकात करने के बाद उप निरीक्षक नितिन कुमार के द्वारा यात्री का बैग उसके सुपुर्द किया गया।

# नॉन इंटरलकिंग कार्य के कारण रेलगाड़ियां रहेंगी निरस्त



रे.स.ब्यूरो./ प्रयागराज।रेल प्रशासन द्वारा बिलासपुर मंडल में नॉन इंटरलकिंग कार्य के कारण निम्न गाड़ियों का निरस्तीकरण करने का निर्णय लिया गया है, जिसमे, गाड़ी सं.१८२०३ दुर्ग-कानपुर सेन्ट्रल एक्सप्रेस अपने प्रारंभिक स्टेशन से दिनांक ०१.०२.२२ (मंगलवार), ०६.०२.२२ (रविवार) एवं ०८.०२.२२ (मंगलवार) को निरस्त रहेगी।


गाड़ी सं.१८२०४ कानपुर सेन्ट्रल- दुर्गएक्सप्रेस अपने प्रारंभिक स्टेशन से दिनांक ०२.०२.२२ (बुधवार), ०७.०२.२२ (सोमवार) एवं ०६.०२.२२ (बुधवार)को निरस्त रहेगी। गाड़ी सं.२२८६७ दुर्ग-हज़रत निजामुद्दीन एक्सप्रेस अपने प्रारंभिक स्टेशन से दिनांक ०१.०२.२२ (मंगलवार), ०४.०२.२२ (शुक्रवार) एवं ०८.०२.२२ (मंगलवार)को निरस्त रहेगी। गाड़ी सं.२२८६८ हज़रत निजामुद्दीन-दुर्गएक्सप्रेस अपने प्रारंभिक स्टेशन से दिनांक ०२.०२.२२ (बुधवार), ०५.०२.२२ (शनिवार) एवं ०६.०२.२२ (बुधवार)को निरस्त रहेगी।

गाड़ी सं.१८२०१ दुर्ग-नौतनवा एक्सप्रेस अपने प्रारंभिक स्टेशन से दिनांक ०२.०२.२२ (बुधवार) एवं ०४.०२.२२ (शुक्रवार)को निरस्त रहेगी।

गाड़ी सं.१८२०२ नौतनवा-दुर्ग एक्सप्रेस अपने प्रारंभिक स्टेशन से दिनांक ०४.०२.२२ (शुक्रवार) एवं ०६.०२.२२ (रविवार)को निरस्त रहेगी।

गाड़ी सं.१२५४६ दुर्ग-जम्मू तवी एक्सप्रेस अपने प्रारंभिक स्टेशन से दिनांक ०१.०२.२२ (मंगलवार) एवं ०८.०२.२२ (मंगलवार)को निरस्त रहेगी। गाड़ी सं.१२५५० जम्मू तवी-दुर्ग एक्सप्रेस अपने प्रारंभिक स्टेशन से दिनांक ०३.०२.२२ (गुरुवार) एवं १०.०२.२२ (गुरुवार)को निरस्त रहेगी।

# ये वही सपा है, जिससे जनता खफा है - अनुराग ठाकुर



रे.स.ब्यू./सूत्र.लखनऊ। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने समाजवादी पार्टी के नारे नई सपा है पर तंज कसते हुए कहा कि ये वही सपा है, जिससे जनता खफा है। अनुराग ठाकुर रविवार दिनांक:२३.०१.२०२२ को लखनऊ मे डोरटुडोर प्रचार कर रहे थे। उन्होने ने कहा कि १० मार्च के बाद अखिलेश यादव कहेंगे कि ईवीएम बेवफा है। उन्होंने भाजपा में शामिल हुई अपर्णा यादव, अदिति सिंह और संयुक्ता भाटिया के साथ प्रचार करते हुए बयान दिया जनता सपा का राज भूली नहीं हैं। उन्होंने सपा द्वारा ३०० यूनिट बिजली देने के वादे पर कहा कि वो जब सत्ता में थे तो जनता को बिजली नहीं दे पाए थे और आज फ्री बिजली देने की बात कर रहे हैं। १० मार्च के बाद वह ईवीएम को दोष देते हुए नजर आएंगे।

# ढिलाई बरतने के मामले में चुनाव आयोग ने तीन डीएम और दो एसपी को हटाया




रे.स.ब्यू./सूत्र.लखनऊ। चुनाव आयोग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए विधानसभा चुनाव की तैयारियों के बीच शनिवार दिनांक: २२.०१.२०२२ को ढिलाई बरतने के मामले में चुनाव आयोग ने हुई शिकायतों पर स्वत संज्ञान लिया और तीन जिलों के जिला निर्वाचन अधिकारी-जिलाधिकारी और दो जिलों के पुलिस अधीक्षक को तत्काल प्रभाव से हटा दिया। चुनाव आयोग ने डीएम मानवेंद्र सिह को हटा दिया है। उनकी जगह शिवाकांत द्विवेदी अब बरेली के नए जिलाधिकारी होंगे। मानवेंद्र सिंह एसीओ नोएडा बनाए गए हैं। फिरोजाबाद से चंद्र विजय सिंह हटाए गए हैं, उन्हें मध्यांचल विद्युत वितरण निगम का एमडी बनाया गया है। उनके स्थान पर सूर्यपाल गंगवार फिरोजाबाद के नए जिलाधिकारी तैनात किए गए हैं। सूर्यपाल गंगवार एमडी मध्यांचल विद्युत वितरण निगम थे। कानपुर जिलाधिकारी विशाख जी. को भी हटा दिया है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी अजय शुक्ला ने बताया कि सूर्यपाल गंगवार को फिरोजाबाद, शिवाकांत द्विवेदी को बरेली और कानपुर नगर में नेहा शर्मा को नया डीएम बनाया गया है। इसी तरह विशेष सुरक्षा बल के एसपी आशीष तिवारी को फिरोजाबाद और एसटीएफ में एसपी हेमराज मीणा को कौशांबी का एसपी बनाया गया है। चुनाव आयोग ने किसी को भनक तक नहीं लगने दी और हटाने और नये अधिकारियों की तैनाती कर तत्काल कार्यभार संभालने का फरमान भी जारी कर दिया।

# निर्वाचन के कार्यों में लापरवाही क्षम्य नही होगी-जिलाधिकारी



साभार: जिलाधिकारी/ जिला निर्वाचन अधिकारी संजय कुमार खत्री ने करछना, मेजा सहित कई पोलिंग बूथों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पोलिंग बूथों पर मूलभूत सुविधाएं पानी, बिजली, शौचालय एवं दिव्यांगजनों के लिए रैम्प आदि व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बृजमंगल सिंह इण्टर कालेज करछना में व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा जो भी कमियां है, उसे तत्काल दुरूस्त कराये जाने के लिए कहा है। उन्होंने सख्त लहजे में निर्देश दिया कि निर्वाचन के कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता कत्तई क्षम्य नही होगा। तत्पश्चात राजकीय बालिका इण्टर कालेज करछना, प्राथमिक विद्यालय वेन्दौ करछना, मॉडल प्राथमिक विद्यालय टिकुरी उरूवा, बद्रीनाथ तिवारी इण्टर कालेज मेजा रोड, पीएस तेदुआ कला मेजा प्रयागराज सहित कई पोलिंग बूथों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सम्बंधित उप जिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी पोलिंग बूथों का निरीक्षण कर बिजली, पानी, शौचालय एवं दिव्यांगजनों के लिए रैम्पों सहित सभी व्यवस्थायें सुनिश्चित करा लिया जाये साथ ही साथ उन्होंने आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया है। जिलाधिकारी ने वैक्सीनेशन सेंटरों का भी निरीक्षण किया तथा खण्ड विकास अधिकारी एवं प्रभारी चिकित्साधिकारियों को शत-प्रतिशत वैक्सीनेशन कराये जाने का निर्देश दिया है। इस अवसर पर एडीएम प्रशासन हर्षदेव पाण्डेय सहित सम्बंधित उप जिलाधिकारीगण उपस्थित रहे।

# दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मे मनाया गया ७३वां गणतंत्र दिवस



रे.स.ब्यू./सूत्र. बिलासपुर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के मुख्यालय सहित सभी मंडलों पर ७३वां गणतंत्र दिवस पूरी गरिमा व परंपरा के अनुसार दिनांक २६ जनवरी २०२२ को मनाया गया। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में इस अवसर पर मुख्य कार्यक्रम मुख्यालय परिसर, बिलासपुर में प्रातः ०६.०० बजे आलोक कुमार, महाप्रबंधक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के मुख्य आतिथ्य में कोविड प्रोटोकॉल के सारे नियमों का पुरी तरह से पालन करते हुए उत्साह पूर्वक आयोजित की गई। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, मुख्यालय, बिलासपुर में आयोजित ७३वां गणतंत्र दिवस समारोह का सीधा प्रसारण यू-ट्यूब पर किया गया था, जिसमें बड़ी संख्या में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रेलकर्मी, उनके परिजन व अन्य ऑनलाइन माध्यम से इस कार्यक्रम का आनंद उठाए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि आलोक कुमार ने अपने सम्बोधन में ७३वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज का दिन हम सभी के लिए एक महत्वपूर्ण दिन है।

इस दौरान हमारे अनेक साथी भी कोरोना से संक्रमित हो गए और उनमें से २४७ साथियों ने अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए अपनी जान भी गंवा दी। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे अपने इन शहीद कर्मियों के प्रति कृतज्ञ है और इनके प्रति अपने दायित्वों का शत-प्रतिशत पालन करने को प्रतिबद्ध है।

उन्होने आगे कहा कि हमें इस बात पर गर्व है कि माल लदान में हमारा जोन सर्वाधिक माल लदान करने वाले जोनो में से एक है । वर्तमान वित्तीय वर्ष में अब तक १६५ मिलियन टन से अधिक की लोडिंग कर ली है, जो कि पिछले वित्तीय वर्ष की इसी अवधि की तुलना में १६ प्रतिशत अधिक है।

साथ ही हमारी ओरिजिनेटिंग फ्रेट रेवेन्यु १७,००० करोड़ रुपये को भी पार कर चुकी है, जो कि समान अवधि में अब तक का सर्वश्रेष्ठ अर्जन है। यह सब आप सभी रेलकर्मियों के सम्मिलित प्रयासों से ही संभव हो सका है ।

इसमें आपके परिवारजनों का भी सहयोग शामिल है। इसके लिए आप सभी बधाई के पात्र हैं। वर्तमान वित्तीय वर्ष में बेहतर यात्री सुविधाओं हेतु अब तक २२ स्टेशनों पर फुट ओवर ब्रिज का निर्माण पूरा कर लिया गया है।

वैक्सीन के दोनों डोज़ के साथ बारी आने पर बूस्टर डोज़ भी जरूर लगवाएं। इस अवसर पर महाप्रबंधक के द्वारा ऑनलाइन माध्यम से बिलासपुर में नवनिर्मित वाटर ट्रीटमेंट प्लांट, नॉर्थ ईस्ट इंस्टीट्यूट में बैडमिंटन कोर्ट एवं गोंदिया में रनिंग स्टाफ के लिए बेड सहित अतिरिक्त कमरे का शुभारंभ किया गया।

# चुनाव में भारी पड़ेगा जातिवाद का मुद्दा

भाजपा के नेता चुनाव के पहले चरण में उत्तर प्रदेश में पलायन और सुरक्षा का मुद्दा जोरशोर से उठा रहे हैं। वहीं समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव समाज की विभिन्न जातियों का बेहतर गठजोड़ बना कर भाजपा के हिंदुत्व, राष्ट्रवाद और विकास से मुकाबला करने की कोशिश कर रहे हैं। अखिलेश यादव बेहद सधी हुई चाल से विभिन्न वर्गों को धीरे-धीरे अपने साथ जोड़ने की रणनीति पर काम कर रहे हैं। दूसरी ओर भाजपा से ब्राह्मणों की नाराजगी की खबरों के बीच उन्होंने बेहद सधे अंदाज में ब्राह्मण नेताओं को अपने साथ लाने की कोशिश की है। वहीं सपा नेताओं का दावा है कि मायावती की राजनीतिक तौर पर कमजोर होने से दलित जातियां भी धीरे-धीरे उन्हीं के पक्ष में लामबंद हो रही हैं। इस समीकरण को देखते हुए भाजपा के वरिष्ठ नेताओं को भी यह डर सताने लगा है कि यदि चुनाव जातिवाद के मुद्दे पर हुआ तो उसका विकास, हिंदुत्व और राष्ट्रवाद का मुद्दा धरा का धरा रह जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सामने भाजपा के ही दिवंगत कार्यकर्ता उपेंद्र शुक्ला की पत्नी को उतार कर उन्होंने उत्तर प्रदेश के १४ फीसदी ब्राह्मण समुदाय के मतदाताओं को एक संदेश देने का काम किया है। राजपूतों का एक बड़ा वर्ग मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ खड़ा है तो सपा भी इसमें सेंधमारी की कोशिश है। सपा नेताओं का दावा है कि ब्राह्मण और राजपूत समाज का एक बड़ा वोट बैंक सपा के साथ आने से भाजपा के कोर वोट बैंक के बिखरने का खतरा पैदा हो गया है। यूपी में लगभग २० प्रतिशत आबादी वाले मुस्लिम मतदाताओं में भाजपा को लेकर खास नाराजगी देखी जा रही है। मौर्य, कोइरी और कुशवाहा जैसी पिछड़ी जातियों पर प्रभावशाली असर रखने वाले स्वामी प्रसाद मौर्य समाजवादी पार्टी के स्टार प्रचारकों की लिस्ट में शामिल हो चुके हैं।

# रेलवे ने आरडीएसओ में वेंडर आवेदन शुल्क घटाया

पत्र.सू.का/ नई दिल्ली। भारतीय रेलवे अपनी आपूति श्रृखला के साथ अधिक से अधिक उद्योग साझेदारों को जोड़ने के लिए निरंतर प्रयासरत रही है और उद्योग जगत के लिए कारोबार करने में सुगमता को बढ़ाने के लिए इस दिशा में अनेक कदम उठाए गए हैं। इन कदमों ने न केवल प्रक्रियाओं को पारदर्श, प्रभावकारी और आसान बना दिया है, बल्कि उद्योग जगत के लिए कारोबार करने की लागत को भी कम कर दिया है। वेंडरों के एकल-संयोजन अनुमोदन के लिए एकीकृत वेंडर अनुमोदन प्रणाली भी लागू की गई है जिसके तहत वेंडरों को आवेदन जमा करने से लेकर भुगतान, संचार और अंतिम अनुमोदन तक वेंडर मंजूरी के लिए पूर्ण एकल-खिड़की ऑनलाइन प्रक्रिया सुलभ करा जाती है। यही नहल, इसके तहत वेंडरों को सभी संबंधित विवरणों, रेखाचित्र एवं विनिर्देशों तक मुफ्त ऑनलाइन पहुंच प्रदान की जाती है और वेंडर के आवेदन की ताजा स्थिति को ऑनलाइन ट्रैक किया जा सकता है। इसके तहत उन संपर्क केंद्रों की संख्या कम कर दी गई है जहां को वेंडर अनुमोदन एजेंसी के साथ संवाद कर सकता है। रेलवे ने इस दिशा में एक और निर्णय लिया है, जिसके तहत चिन्हित सुरक्षा मदों के लिए आरडीएसओ में वेंडर की मंजूरी के लिए आवेदन करने हेतु लिए जाने वाले वेंडर आवेदन शुल्क को कम कर दिया गया है। आरडीएसओ अनुमोदन के लिए वेंडर आवेदन शुल्क एमएसएम को छोड़ अन्य के लिए २.५ लाख रुपये और एमएसएम के लिए १.५ लाख रुपये था। इसे अब २.५ लाख रुपये से घटाकर १५००० रुपये और १.५ लाख रुपये से घटाकर १०००० रुपये कर दिया गया है। एमएसएम को बढ़ावा देने के लिए ही कम शुल्क का विशेष प्रावधान रखा गया है।इस पहल से उद्योग जगत के लिए कारोबार करने की लागत और कम हो जाएगी और 'मेक इन इंडिया' को नई गति मिलेगी। इससे रेलवे भी लाभान्वित होगी क्यों कि उसकी आपूति श्रृंखला में और भी अधिक वेंडर जुड़ जाएंगे।

# मंडल रेलवे चिकित्सालय झांसी में RO वाटर प्यूरीफायर का उदघाटन



रे.स.ब्यू./सूत्र।महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा रेणु गौतम तथा अन्य सदस्याओं द्वारा दिनांकः २६.०१.२२ को मंडल रेल प्रबंधक आशुतोष की उपस्थिति में मंडल रेलवे चिकित्सालय के शिशु वार्ड में शिशुओं के स्वास्थ्य की अधिक देखभाल की दृष्टि से भारतीय स्टेट बैंक मानिक चौक के सौजन्य से संस्थापित RO वाटर प्यूरीफायर का उदघाटन किया गया। गणतंत्र दिवस के अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक एवं महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा रेनू गौतम तथा अन्य सदस्यों द्वारा रेलवे द्वारा मंडल रेलवे चिकित्सालय झाँसी में हाउस कीपिंग सहायकों को उनके उत्कृष्ट व कर्मठ सेवाओं हेतु उपहार भी भेंट किय। इस अवसर पर पूनम तलरेजा शाखा प्रबंधक भारतीय स्टेट बैंक मानिक चौक शाखा ने कहा कि भारतीय स्टेट बैंक अपने सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति सजग है व वित्तीय दायित्वों के साथ-साथ जनकल्याण के कार्य भी करती रहती है। उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ रबिन्द्र प्रसाद, अपर मण्डल रेल प्रबन्धक (ओपरेटिंग) दिनेश वर्मा, अपर मंडल रेल प्रबंधक (इन्फ्रा) अमित सेंगर, महिला कल्याण संगठन की उपाध्यक्षा शालिनी वर्मा, सचिव मोनिका गोयल, सुरभि संगम, श्रद्धा त्रिपाठी, अन्नापूर्णा गुप्ता, भारतीय स्टेट बैंक मानिक चौक शाखा प्रबंधक पूनम तलरेजा, भारतीय स्टेट बैंक के सहायक महाप्रबंधक संतोष कुमार झा आदि उपस्थित रही।

# आरओ/एआरओ की प्रारंभिक परीक्षा में ४८३० अभ्यर्थी हुए सफल

रे.स.ब्यू./सूत्र। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) ने शनिवार दिनांक २६.०१.२०२२ को समीक्षा अधिकारी (आरओ)/सहायक समीक्षा अधिकारी (एआरओ)-२०२१ की प्रारंभिक परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया। बता दें कि आरओ/एआरओ की प्रारंभिक परीक्षा पांच दिसंबर को दो सत्रों में प्रदेश के २२ जिलों के १२१४ केंद्रों में आयोजित की गई थी। इसमें ४८३० अभ्यर्थियों को मुख्य परीक्षा में शामिल होने के लिए सफल घोषित किया गया है। मुख्य परीक्षा अयोग के कैलेंडर में २४ अप्रैल २०२२ को प्रस्तावित है।

# मथुरा-पलवल चौथी लाइन का कार्य पूरा रेल संरक्षा आयुक्त ने दी यातायात हुरू करने की अनुमति



रे.स.ब्यू./सूत्र। उत्तर मध्य रेलवे ने लाइन क्षमता वृद्धि के कार्यों को तेजी आगे बढ़ाते हुए महत्वाकांक्षी मथुरा- पलवल चौथी लाइन परियोजना का निर्माण कार्य पूरा कर लिया है। ज्ञात हो कि, इस परियोजना को रेलवे बोर्ड द्वारा २०१५-१६ में स्वीकृति प्रदान की गई थी और परियोजना की कुल लागत रु. ६६८.७ करोड़ थी। इस परियोजना में क्रमशः हरियाणा और उत्तर प्रदेश के पलवल और मथुरा जिले शामिल हैं।पहले चरण में इस परियोजना के पलवल-रुंधी खंड को सीआरएस की स्वीकृति के उपरांत दिनांक २१.०२.२०१६ को चालू किया गया था। इसके बाद रुंधी-शोलाका, शोलाका-होडल और होडल-छटा खंडों को चालू किया गया और यातायात के लिए खोला गया।इसके बाद शेष छाता-भूतेश्वर खंड के चालू होने के साथ, अब यह परियोजना पूरी हो गई है जिससे गतिशीलता के सुधार को बहुत बल मिलेगा।चौथी लाइन के चालू होने के साथ, अब उत्तर मध्य रेलवे के आगरा मंडल में अप और डाउन लाइन पर परिचालन के लिए दो-दो लाइनें उपलब्ध हो गई हैं। इस परियोजना के क्रियान्वयन का दायित्व निर्वहन करने वाले उत्तर मध्य रेलवे के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/ निर्माण शरद मेहता ने कहा, "यह हमारे लिए प्राथमिकता वाली परियोजनाओं में से एक थी और हमारे अधिकारियों इसको पूरा करने के लिए दिन-रात काम किया।" उन्होंने आगे कहा कि, "सीआरएस निरीक्षण एक विस्तृत निरीक्षण है जिसमें सीआरएस सूक्ष्म तरीके से हर पक्ष का आंकलन कर यह सुनिश्चित करते हैं कि सभी संरक्षा संबंधी मानकों का पालन किया गया है कि, नहीं। इस के दृष्टिगत हमने कड़ी मेहनत की थी कि और कोई कसर नहीं छोड़ी थी"। मेहता ने आगे बताया कि "सीआरएस पूर्वोत्तर परिक्षेत्र ने गुरुवार को छाता-भूतेश्वर के बीच २८.४ किलोमीटर की चौथी लाइन खंड का निरीक्षण किया और ११० किमी प्रति घंटे की गति से परीक्षण किया। गति परीक्षण में को त्रुटि नहीं मिली और सीआरएस सामान्य तौर पर संतुष्ट थे।" यहां यह उल्लेख करना प्रासंगिक है कि रेलवे संरक्षा आयुक्त एक वैधानिक निकाय है जो नागर विमानन मंत्रालय के तहत कार्य करता है।

किसी नई रेलवे लाइन पर यात्री यातायात को प्रारंभ करने के लिए रेलवे संरक्षा आयुक्त से प्राधिकार प्राप्त करना अनिवार्य है। महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे प्रमोद कुमार ने आगरा मंडल और परियोजना के कार्यान्वयन में शामिल अधिकारियों की टीम को बधा दी। उन्होनें आशा व्यक्त की कि, इस परियोजना के पूरा होने अब ट्रेनों की समयपालन में और सुधार होगा और अब मथुरा-झांसी तीसरी लाइन और अन्य अन्य आधारभूत संरचना के कार्यों को पूरा करने पर ध्यान केंद्रित करने का उचित समय है।

# गांधी जयंती पर बापू की अनमोल स्मृतियाँ

रे.स.ब्यू.।संगमनगरी मे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान और संघर्षों से लेकर उनकी अस्थि कलश विसर्जन यात्र की अनमोल निशानियों को अब तक संजोए हुए है। यहां उनकी जेब घड़ी भी है और जिस चरखे पर वो सूत काता करते थे, वह चरखा भी। दांडी यात्रा के समय बापू के हाथों तैयार किया गया नमक भी आप देख सकते हैं और वह वाहन भी जिस पर बापू के अस्थि कलश को रखकर संगम तक ले जाया गया था। बापू की पुण्यतिथि पर रविवार को उनसे जुड़ी यह धरोहर निशानियां इलाहाबाद संग्रहालय में लोगों के लिए दर्शनीय बनेंगी। इलाहाबाद संग्रहालय में बापू की निशानियों और उनके पत्रों की थाती सहेज कर रखी गई है। बापू जेब घड़ी रखते थे। साथ ही उनका वो प्रिय चरखा भी है, जिस पर वह सूत कातते थे। बापू के चरखा के अलावा गांधी बीथिका बनाई गई है।

# ट्रेन संचालन में संरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अधिकारी करें कड़े प्रयासः महाप्रबंधक/उत्तर मध्य रेलवे



रे.स.ब्यूरो./प्रयागराज। महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे प्रमोद कुमार ने उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय में प्रमुखों विभागाध्यक्षों के साथ दिनांक ३१.०१.२०२२ को साप्ताहिक संरक्षा बैठक की। झांसी, आगरा और प्रयागराज के मंडल रेल प्रबंधकों ने बैठक में वर्चुअल रूप से हिस्सा लिया। बैठक को संबोधित करते हुए महाप्रबंधक ने हाल ही में आगरा मंडल के भूतेश्वर-वृंदावन खंड में मालगाड़ी के अवपथन की घटना पर अपनी गहरी चिंता व्यक्त की।

उन्होंने कहा, सभी अधिकारियों को कड़े प्रयास करने होंगे और ट्रेन संचालन में संरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। उन्होंने मुख्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों को फील्ड में नियमित निरीक्षण के लिए भी निर्देश दिए। महाप्रबंधक ने यह भी निर्देशित किया कि डीआरएम और एडीआरएम नियमित लाइन निरीक्षण करें।बैठक के दौरान प्रधान मुख्य संरक्षा अधिकारी एम.के. गुप्ता ने कहा कि यदि निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को कोई कमी नजर आती है तो वे तुरंत नियंत्रण कक्ष को सूचित करें ताकि, वास्तविक समय के आधार पर सुधारात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

बैठक के दौरान, प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी ने बताया कि आरआरबी एनटीपीसी परीक्षा अभ्यर्थियों की आशंकाओं के निराकरण के लिए उत्तर मध्य रेलवे और आरआरबी ने संयुक्त रूप से प्रयागराज, झांसी और आगरा में आउटरीच कैंप स्थापित किए हैं। इसके अलावा मेल और गूगल फॉर्म के जरिए भी सुझाव मिल रहे हैं। प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी ने आगे सूचित किया कि, "उम्मीदवार हमारे कल्याण निरीक्षकों को सीधे फोन नंबरों पर भी कॉल कर रहे हैं, जो धैर्यपूर्वक सुन कर तदनुसार उनका मार्गदर्शन कर रहे हैं।

इन सभी माध्यमों से अब तक १२६४ सुझाव/आशंकाएं रेलवे बोर्ड द्वारा गठित हाई पावर कमेटी को प्रस्तुत करने के लिए दर्ज की जा चुकी हैं। इसी क्रम में सेवानिवृत्त हो रहे प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी नंद किशोर ने पिछले एक वर्ष के दौरान कार्मिक विभाग द्वारा हासिल की गई विभिन्न उपलब्धियों के बारे में भी जानकारी दी।

महाप्रबंधक ने नंद किशोर को प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी उत्तर मध्य रेलवे के रूप में कार्यकाल के दौरान ग्रुप बी के विभिन्न कर्मचारियों को ग्रुप बी अधिकारियों में पदोन्नत करने के लिए १८ चयन प्रक्रियाओं को पूरा करने के लिए प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी को बधाई दी।

# Major Policy Changes in Vendor Approval Policy of RDSO

**Source/RDSO/ LKO: RDSO evaluates the willing vendors and approves them for supply of critical and safety related items in various Zonal Railways, Production Units of Indian Railways.RDSO has taken major policy Changes in its Vendor Approval Policy under the Government of India's Make in India and Atmanirbhar Bharat to enable vendors to be a part of the Indian Railways supply chain and ease of doing business.Vendor registration fee for general Vendors has now been reduced from Rs2.5lakh to Rs15 Thousand. Similarly, the registration fee for MSMEs has been reduced from Rs1.5lakh to a nominal amount of Rs10 Thousand to enable greater participation of MSME vendors. The registration fee for foreign firms has been reduced from $12,000to $500.Under another major policy initiative by RDSO, the sample/prototype testing fee has now been completely abolished and the process has been made free of cost for sample testing in RDSO.In order to expedite the vendor approval process, RDSO has made revolutionary provisions to approve the applying vendor as Developmental Vendor immediately after the completion of capacity assessment subject to the condition of successful sample/prototype testing before supply. Thus, the applying vendors are eligible to participate as developmental vendor in railway tenders immediately after the vendors successful assessment. In this way, now maximum number of vendors will be able to participate in the tenders drawn for the supply of railway items and railways will get the benefit of competition.To expedite the vendor registration process and make it transparent, RDSO has launched Unified Vendor Approval Module (UVAM) on the IREPS website and the vendor approval process has been simplified completely. All interested vendors can apply for approval on this portal and get updated information about the progress of your application. Due to the encouraging incentives teken by RDSO for vendor approval, 600new vendors got registered in the year 2021which is76.5%more than the new 340vendors registered in the same period last year.All interested vendors can now apply conveniently forapproval and get updated information about the progress of their application.**

# बिना भर्ती प्रक्रिया का सामना किए अपरेंटिस किए हुए युवाओं की रेलवे में नियुक्ति की मांग करना स्वीकार्य नहीं- रेलवे

पत्र.सू.का/ नई दिल्ली। भारतीय रेलवे अगस्त १९६३ से अपरेंटिस अधिनियम के तहत निर्दिष्ट ट्रेडों में आवेदकों को प्रशिक्षण प्रदान कर रहा है। इन आवेदकों को बिना किसी प्रतियोगिता या चयन के उनकी शैक्षणिक योग्यता के आधार पर प्रशिक्षु के रूप में लिया जाता है। हालांकि, रेलवे ऐसे उम्मीदवारों को केवल प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए बाध्य था, जिन्होंने अपना प्रशिक्षण पूरा कर लिया था, उन्हें २००४ से लेवल १ पदों के लिए विकल्प के रूप में नियुक्त किया जा रहा है।

विकल्प के तौर पर नियुक्त उम्मीदवार अस्थायी नियुक्त व्यक्ति होते हैं जिन्हें किसी भी अत्याव'यकता और परिचालन आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए लगाया जा सकता है। जबकि ऐसी नियुक्तियों को अस्थायी रेल सेवकों के कारण लाभ दिया जाता है लेकिन वे नियुक्ति के उचित प्रक्रिया से गुजरे बिना स्थायी रोजगार में पाने के हकदार नहीं हैं। भारतीय रेलवे के चल रहे कायापलट को देखते हुए और सभी रेलवे भर्तियों में निष्पक्षता, पारदर्शिता और निष्पक्षता लाने की दृष्टि से, रेलवे ने २०१७ में सभी भर्तियों के लिए प्रक्रिया को लेवल १ पर केंद्रीकृत कर दिया, जो अब से एक आम राष्ट्रव्यापी कंप्यूटर आधारित परीक्षण (सीबीटी) के माध्यम से आयोजित किया जाता है।

अपरेंटिस अधिनियम २०१४ में संशोधित किया गया था, जिसके तहत अधिनियम की धारा २२ में प्रावधान किया गया था कि एक नियोक्ता अपने प्रतिष्ठान में प्रशिक्षित प्रशिक्षुओं की भर्ती के लिए एक नीति तैयार करेगा। इस तरह के संशोधन के अनुसरण में, भारतीय रेलवे ने खुले बाजार में भर्ती में रेलवे प्रतिष्ठानों में प्रशिक्षित प्रशिक्षुओं को लेवल १ के पदों पर विज्ञापित पदों के २० की सीमा तक वरीयता देने का प्रावधान किया। हालांकि, जब ये अपरेंटिस किए युवा अन्य उम्मीदवारों के साथ लिखित परीक्षा के लिए उपस्थित होते हैं, उन्हें न्यूनतम योग्यता अंक, मीटिंग और चिकित्सा मानकों को प्राप्त करने के अधीन, दूसरों पर नियुक्ति में वरीयता दी जाती है। फलस्वरूप, विज्ञप्ति सी एन ०२/२०१८ में ६३२०२ पदों में से १२५०४ लेवल १ पदों को २०१८ में आयोजित पहली आम भर्ती में ऐसे उम्मीदवारों के लिए निर्धारित किया गया था। इसी प्रकार, सी एन आरआरसी ०१/२०१६ के तहत १०३७६६ पदों में से २०७३४ लेवल-१ पदों को इन अपरेंटिस के लिए निर्धारित किया गया है। इस नोटिफिकेशन के लिए भर्ती होनी है। अब ये अपरेंटिस किए युवा प्रशिक्षु रेलवे में नियुक्ति की मांग कर रहे हैं, बिना निर्धारित भर्ती प्रक्रिया, अर्थात लिखित परीक्षा और शारीरिक दक्षता परीक्षा, जो कि अन्य सभी उम्मीदवारों को मौजूदा नियमों के अनुसार गुजरना आवश्यक है।

# ओरिएन्टेशन कोर्स सफलता पूर्वक पूरा करने पर रेलवे सुरक्षा बल को दीं शुभकामनाएँ



रे.स.ब्यूरो. प्रयागराज। रेलवे सुरक्षा बल/क्षेत्रीय प्रशिक्षण केन्द्र सुबेदारगंज /उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज में दिनांक ०६.१२.२०२१ से प्रशिक्षणरत नियम-७२ के तहत चयनित हुए ७० सहायक उपनिरीक्षको के ५६ दिन के कोर्स के दिनांक ३०.०१.२०२२ को समापन उपरान्त समारोह के अवसर पर रविन्द्र वर्मा, महानिरीक्षक सह प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त, रेलवे सुरक्षा बल, उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज एवं अन्य उच्चाधिकारीगण उपस्थित हुए। महानिरीक्षक द्वारा नये सहायक उपनिरीक्षकों को ओरिएन्टेशन कोर्स सफलता पूर्वक पूरा करने पर शुभकामनाए एवं अग्रिम उज्वल भविष्य हेतु बधाई दी। सभी नवनियुक्त अधिकारियों को रेलयात्री, यात्री परिसर व रेल सम्पत्ति की सुरक्षा के दायित्व के बेहतर निर्वहन हेतु, उनकी किसी भी शिकायत पर त्वरित कार्यवाही हेतु, नयी टैक्नोलॉजी का प्रयोग कर अपराधियों पर निगरानी करन, अपने अधिकारियों एवं रेल यात्रियों की आशा व अपेक्षाओं पर खरा उतरने हेतु निर्देशित किया। अच्छे कार्यो से रेलवे सुरक्षा बल का नाम गौरवान्वित करने की अपेक्षा की। समारोह के दौरान आर.एस.पी.सिंह, मुख्य सुरक्षा आयुक्त, रेलवे सुरक्षा बल, उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज, आलोक कुमार, मण्डल सुरक्षा आयुक्त, रे.सु.ब./झाँसी मण्डल,आर.के.सिंह, सुरक्षा आयुक्त सह प्रधानाचार्य, रे.सु.ब./क्षेत्रीय प्रशिक्षण केन्द्र व बल के अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# महाप्रबंधक/पूर्व मध्य रेल ने इरकॉन द्वारा पूरी की जा रही निर्माण परियोजनाओं की समीक्षा



हाजीपुर:पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक अनुपम शर्मा द्वारा ३१.०१.२०२२ को हाजीपुर मुख्यालय में आयोजित उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में इरकॉन द्वारा पूरी की जा रही पूर्व मध्य रेल की विभिन्न निर्माण परियोजनाओं के कार्य प्रगति की समीक्षा की गई। परियोजनाओं की समीक्षा के क्रम में महाप्रबंधक ने परियोजनाओं तथा रेल विकास से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता से पूरा करने का दिशा-निर्देश दिया।समीक्षा बैठक में पावर प्वायंट प्रजेंटेशन के माध्यम से इरकॉन द्वारा पूर्व मध्य रेल में किये जा रहे निर्माण कार्यों की प्रगति से महाप्रबंधक को अवगत कराया गया। महाप्रबंधक ने पटना जं. के निकट मीठापुर के पास बन रहे आरओबी के प्रगति की समीक्षा करते हुए मीठापुर की ओर गिरने वाला छोर और पुनपुन की ओर गिरने वाले छोर को अतिशीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया।

इसके साथ ही महाप्रबंधक ने इरकॉन द्वारा पूरी की जा रही हाजीपुर-बछवारा दोहरीकरण, किउल-गया दोहरीकरण, मोकामा के पास गंगा नदी पर राजेन्द्र पुल के पास अतिरिक्त नये पुल सहित रामपुर डुमरा-टाल दोहरीकरण परियोजनाओं के कार्य प्रगति की समीक्षा की। विदित हो कि ७१ किमी लंबे हाजीपुर-बछवारा दोहरीकरण का लगभग ६३ प्रतिशत कार्य पूरा कर लिया गया है और मार्च २०२२ तक इस परियोजना के शेष भाग को पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। इसी तरह १२४ किमी लंबे किउल-गया दोहरीकरण परियोजना को पांच भागों में बांट कर कार्य तेजी से पूरा किया जा रहा है। इनमें से लगभग १८ किमी लंबे मानपुर से वजीरगंज तक दोहरीकरण दिसंबर, २०१६ में पूरा कर लिया गया है। वजीरगंज से तिलैया (१८ किमी) एवं लखीसराय से शेखपुरा (२५ किमी) को २०२२ में तथा शेखपुरा से वारसलीगंज (२५ किमी) एवं वारसलीगंज से तिलैया (३६ किमी) वर्ष २०२३ में पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

# अजय सिंह ने किया सचिव-महाप्रबंधक सह उप महाप्रबंधक, उत्तर मध्य रेलवे का पदभार ग्रहण

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। अजय सिंह ने उप महाप्रबंधक सह सचिव/महाप्रबंधक, उत्तर मध्य रेलवे का पदभार ग्रहण किया। इससे पहले वह उप मुख्य इंजीनियर/ निर्माण/आगरा के रूप में कार्यरत थे।



ज्ञात हो कि अजय सिंह ने यह कार्यभार सौरभ जैन के स्थान पर ग्रहण किया, जिनका स्थानांतरण संयुक्त निदेशक डायरेक्टर सिविल (ट्रांसफॉर्मेशन) के रूप में रेलवे बोर्ड में हुआ था। सिह २००५ बैच के भारतीय रेल इंजीनियरिग सेवा के अधिकारी हैं। उन्होंने पहले उप मुख्य इंजीनियर /टीएमसी/ झांसी, वरिष्ठ मंडल इंजीनियर /सेंट्रल/झांसी और उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागराज और झांसी मंडल में मंडल इंजीनियर के रूप में कार्य किया है। उन्होंने २०१३ में उत्तर मध्य रेलवे आने से पहले दक्षिण रेलवे में विभिन्न दायित्वों का निर्वहन किया है।वह एमएनएनआईटी प्रयागराज के पूर्व छात्र हैं, जहां से उन्होंने सिविल इंजीनियरिंग में बीई किया है।उन्होंने जापान में हाई स्पीड रेलवे और ऑस्ट्रिया में ट्रैक मशीन की कार्यप्रणाली के संबंध में प्रशिक्षण प्राप्त किया है। २०११ में चक्रवात के बाद ट्रैक बहाली के कार्य को सफलता पूर्वक पूरा करने लिए उन्हें रेल मंत्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

मथुरा- पलवल चौथी लाइन परियोजना को सफलतापूर्वक पूरा करने में भी उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है, जिसमें से छटा-भूतेश्वर खंड के अंतिम चरण को हाल ही में चालू किया गया है।

# जिलाधिकारी ने नामांकन के लिए बनाये गये कक्षों का किया निरीक्षण



साभार: जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री ने विधानसभा सामान्य निर्वाचन-२०२२ के दृष्टिगत ०१ फरवरी, २०२२ से प्रारम्भ होने वाले नामांकन की कार्यवाही के लिए बनाये गये कक्षों में व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने नामांकन स्थलों पर बैरिकेटिंग, सीसीटीवी कैमरे सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को देखा व सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये है। जिलाधिकारी ने कहा कि नामांकन के समय कोविड-१६ की गाइन लाइन का सख्ती के साथ पालन कराया जाये।

जिलाधिकारी ने नामांकन स्थलों पर आवश्यकतानुसार बैरिकेटिंग का कार्य पूरा कर लेने के निर्देश दिये है।

## पाठकों से अनुरोध

विगत वर्षो की भाँति आगामी वर्ष के लिए अपनी रेल समाचार ब्यूरो पत्रिका को सुरक्षित करने के लिए वार्षिक सद्स्यता शुल्क शीघ्र भेजने की कृपा करें, जिससे उक्त पत्रिका आपको नियमित भेजी जा सके।

सहयोग राशि:

१.उच्चतम अधिकारी- १५०० रु. मात्र

२.उच्च अधिकारी- १००० रु. मात्र

३.अधीनस्थ अधिकारी-७०० रु. मात्र

४.रेलकर्मी/अन्य सदस्य-५००रु.मात्र

**प्रबंध संपादक**

रेल समाचार ब्यूरो कैंप कार्यालय-८४३६ आर्य नगर पहाड़गंज दिल्ली-५५

**समस्त प्रकार के कानूनी मामलों का न्यायिक क्षेत्र प्रयागराज होगा**

सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी
ज्ञानेन्द्र कुमार श्रीवास्तव
दि. इलाहाबाद ब्लाक वर्क्स प्रा. लि. 329/255, चक, जीरो रोड, इलाहाबाद से मुद्रित एवं 502 पंचशीला भवन त्रिवेनी रोड, नेतानगर,कीडगंज इलाहाबाद-211003 से प्रकाशित। आर.एन. आई नं.51097-90 पोस्ट ए.डी-8
मो. 9793956044,9935224867
फोन नं.-0532-2418040

# हम प्रतिदिन बेहतर करने के लिए कटिबद्ध है- महाप्रबंधक बी.एल.डब्लू



रे.स.ब्यू./सूत्र,वाराणसी। बनारस रेल इंजन कारखाना स्टेडियम में दिनांक २६ जनवरी को ७३वां गणतंत्र दिवस समारोह हर्षोल्लास एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि अंजली गोयल महाप्रबंधक द्वारा ध्वजारोहण के साथ परेड द्वारा सलामी एवं राष्ट्रीय धुन की प्रस्तुति के साथ हुआ। महाप्रबंधक द्वारा रेलवे सुरक्षा बल, नागरिक सुरक्षा दल,सेन्ट जॉन्स एम्बुलेन्स ब्रिगेड, भारत स्काउट्स एवं गाइड्स परेड का निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर महाप्रबंधक ने कहा हम प्रतिदिन बेहतर करने के लिए कटिबद्ध हैं। उन्होने बरेका परिवार को वर्ष २०२०-२१ के लिए सर्वश्रेष्ठ उत्पादन इकाई का पुरस्कार मिलने पर बधाई दी। बरेका को आरसीएफ, कपूरथला के साथ संयुक्त रूप से सर्वश्रेष्ठ उत्पादन इकाई शील्ड से सम्मानित किया गया है।